**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 10.10.2025**

- **थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न मामलों में जब्त की गयी 1000 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के सम्बन्ध में निर्गत निर्देशों के क्रम में तथा मा0 न्यायालय से प्राप्त अनुमति के उपरान्त आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में थाना सिकन्दरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए विभिन्न मामलों में जब्त की गयी 1000 लीटर देशी शराब का थाना परिसर में नियमानुसार वीडियोग्राफी/फोटोग्राफी कराते हुए विनिष्टीरण किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सिकन्दरा सुश्री प्रिया सिंह व तहसीलदार (तहसील सिकन्दरा) श्री राकेश चन्द्रा व प्रभारी निरीक्षक सिकन्दरा व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। विनष्टीकरण का उद्देश्य अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की स्पष्ट चेतावनी देना तथा आमजन को इसके घातक परिणामों के प्रति आगाह करना है। कानपुर देहात पुलिस की अवैध शराब के उत्पादन, भंडारण एवं तस्करी के खिलाफ चलाई जा रही विशेष मुहिम निरंतर जारी रहेगी ।